# विदेशी बाजारों में चीनी मजबूत

लंदन ♦ आईसीई एक्सचेंज में रॉ शुगर के दाम सुधर गए। मार्च डिलीवरी रॉ शुगर 0.24 सेंट (1 फीसदी) बढ़कर 24.24 सेंट प्रति पाउंड हो गई। जबकि लिफ्फे एक्सचेंज में व्हाइट शुगर 4.50 डॉलर (0.7 फीसदी) बढ़कर 635.10 डॉलर प्रति टन के स्तर पर पहुंच गई। कारोबारियों के अनुसार मौजूदा के बावजूद बाजार में बढ़त सीमित ही रहने की संभावना है। यूरोपीय यूनियन के देशों और रूस में चीनी का उत्पादन बढ़ने की संभावना है। इसके अलावा भारत और ज्यादा चीनी निर्यात की अनुमति दे सकता है। इसके अलावा दुनिया के सबसे बड़े चीनी उत्पादक देश ब्राजील में हाल की बारिश से उत्पादन में कमी की चिंता भी कम हो गई है। चीनी में वर्तमान तेजी वित्तीय बाजार में मजबूती के कारण आई है।